आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 02.11.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए गये हैं। इस वर्ष 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर के खटीमा में प्राचीन माँ पूर्णागिरि मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– चंपावत में गंगा कॉरिडोर की तर्ज पर शारदा कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा।
- अक्तूबर महीने में जीएसटी में रिकॉर्ड अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये एकत्र हुए।
- और... गोवर्धन पूजा देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।

गंगोत्री धाम

उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट आज दोपहर 12 बजकर 14 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त पर शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए गये हैं। इस वर्ष 8 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने मंदिर के दर्शन किए। आकाशवाणी से बातचीत में मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की उत्सव डोली हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में अपने शीतकालीन गद्दीस्थल मुखवा के लिए रवाना हो गयी है।

रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ और उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट कल भैया दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए बंद होंगे। इसके लिए केदारनाथ मंदिर को लगभग 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। केदारनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकडा 15 लाख के पार हो गया है। वहीं, यमुनोत्री धाम में अब तक 7 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

## पूर्णागिरि मंदिर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधम सिंह नगर के खटीमा स्थित ग्राम नगला तराई में प्राचीन माँ पूर्णागिरि मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। मंदिर का निर्माण 2 करोड़ 52 लाख रुपये की धनराशि से किया जाएगा। इस मौके पर श्री धामी ने कहा कि मंदिर का निर्माण क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने में ये विशेष भूमिका निभाएगा।

## चारधाम में दीपावली

चारों धामों में दीपावली सदियों से चली परंपराओं के अनुसार मनाया गया। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप जला कर दीपावली मनाई। बदरीनाथ धाम में विधि विधान के साथ महालक्ष्मी, कुबेर जी और फिर भगवान बदरीनाथ के खजाने की पूजा की गई। बदरीनाथ धाम में अपराह्न पांच बजे के बाद प्रदोष काल में पूजाएं संपन्न कराई गई। परंपरा अनुसार बदरीनाथा धाम में गणेश जी और फिर महालक्ष्मी पूजन शुरू हुआ। उसके बाद कुबेर जी व भगवान के खजाने की पूजा की गई। दीपावली पर केदारनाथ धाम में महालक्ष्मी पूजन के लिए 10 क्विंटल फूलों के साथ ही 1100 दीयों से सजाया गया। बाबा केदार की सायंकालीन पूजा और आरती के बाद महालक्ष्मी पूजन किया गया। परंपरा अनुसार सांय करीब 6 बजकर 30 मिनट पर बाबा केदार की पूजा–अर्चना व आरती के बाद केदारनाथ धाम में महालक्ष्मी पूजन शुरू किया गया। साथ ही भगवान श्रीगणेश की पूजा के अलावा मंदिर गर्भगृह के बाहर परिक्रमा परिसर में श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में मंदिर समिति और हक–हकूकधारियों ने पूजा–अर्चना संपन्न कराई।

## दीपावली मिलन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि गंगा कॉरिडोर की तर्ज पर चंपावत में शारदा कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने चंपावत के बनबसा में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में ये बात कही। इस अवसर पर उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिक अपने सेवाकाल में देश की रक्षा करता है और जब वे सेवानिवृत्त हो जाता है, तो वह समाज सेवा में जुट जाता है। श्री धामी ने कहा कि कोई भी सैनिक भूतपूर्व नहीं होता है वे हमेशा ही देश की सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाला वीर सैनिक होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारजनों की समस्याओं के निदान के लिए सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। राज्य सरकार अनेक विकास कार्य वीर सैनिकों और उनके आश्रितों के हित में कर रही है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की ओर से लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया और लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की। कार्यक्रम में स्टॉल लगाए सीमा देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनके स्टाल की सराहना की और हस्त निर्मित कैरी बैग खरीदा।

## आदि कैलाश यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा के बाद से ही कैलाश यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। अब तक 28 हजार से से अधिक यात्री आदि कैलाश के दर्शन कर चुके हैं। धारचूला तहसील कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 300 यात्रियों के इनर लाइन पास बनाए जा रहे हैं। प्रशासन के अनुसार दीपावली के बाद यात्रा में तेजी आने की उम्मीद है।

## बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने धाम में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्थाओं को रिवरफ्रंट कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर प्लान के तहत पूरे हो चुके कार्यों को तत्काल हैंडओवर करने पर जोर दिया। इस दौरान पीआईयू के अधिकारियों ने मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जिलाधिकारी को विस्तार से जानकारी दी।

## जी.एस.टी.

वस्तु और सेवा कर– जी.एस.टी. का राजस्व संग्रह अक्तूबर माह में 9 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जी.एस.टी. के राजस्व संग्रह में यह दूसरी रिकॉर्ड सर्वाधिक बढ़ोतरी है। घरेलू बिक्री और बेहतर अनुपालन के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है। अक्तूबर माह में केन्द्रीय जी.एस.टी. के रूप में 33 हजार आठ सौ 21 करोड़ रुपये, राज्य जी.एस.टी. के रूप में 41 हजार आठ सौ 64 करोड़ रुपये और एकीकृत जी.एस.टी. 99 हजार एक सौ 11 करोड़ रुपये तथा उपकर बारह हजार पांच सौ 50 करोड़ रुपये एकत्र हुए। कुल सकल जी.एस.टी. राजस्व संग्रह आठ दशमलव नौ प्रतिशत से बढकर एक लाख 87 हजार तीन सौ 46 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इसी माह में जी.एस.टी. संग्रह एक लाख 72 हजार करोड़ रुपये था। इस वर्ष अप्रैल में दो लाख 10 हजार करोड़ रुपये एकत्र हुए थे। रिकार्ड जी.एस.टी संग्रह मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जी.एस.टी संग्रह में बढोत्तरी त्यौहारी मौसम में बिक्री और बेहतर अनुपालन के कारण हुई है।

## गोवर्धन पूजा

गोवर्धन पूजा देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मथुरा–वृंदावन में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है जहां भगवान कृष्ण के अनुयायी बड़ी संख्या में एकत्र हुए हैं।

इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट की शुभकामनाएं दी हैं। श्री धामी ने कहा कि ये पावन पर्व हमें प्रकृति, पशुधन और कृषकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

रोडवेज की कमाई

उत्तराखंड परिवहन निगम के देहरादून मंडल ने दीपावली पर बेहतर प्रदर्शन किया है। रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाए जाने के कारण मंडल की बसों ने 1 करोड़ 37 लाख रुपये से अधिक की कमाई की है। निगम के दून मंडल के अंतर्गत देहरादून, ग्रामीण, कोटद्वार, पर्वतीय डिपो के अलावा ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की डिपो ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। मंडलीय प्रबंधक रेखा कहेरा ने बताया कि मंडल में निगम की बसों ने दीपावली के दिन एक करोड़ 37 लाख 60 हजार रुपये की कमाई की।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

दीपावली के दिन हल्द्वानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 192 अंक रहा। हल्द्वानी स्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले वर्ष की तुलना में कम रहा। पिछले वर्ष वायु गुणवत्ता सूचकांक 223 थी। वहीं इस वर्ष नैनीताल नगर में ये सूचकांक गत वर्ष के 143 की तुलना में 119 दर्ज किया गयझं

क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग नेगी के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के आसपास का आंकड़ा नियंत्रित माना जाता है।

वहीं, नैनीताल और हल्द्वानी के विभिन्न इलाकों में दर्ज ध्वनि प्रदूषण पिछले साल के मुकाबले काफी कम स्तर पर रहा है। हल्द्वानी में यह अधिकतम 76 दशमलव आठ आठ डेसिबल रहा जबकि नैनीताल में अधिकतम 74 दशमलव नौ एक डेसिबल दर्ज किया गया।

उत्तरकाशी  में गंगा उत्सव

हरिद्वार के साथ ही उत्तरकाशी जिले में भी जिला गंगा समिति के तत्वावधान में आगामी चार नवंबर को गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।  उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उत्तरकाशी जिले के जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने लोगों से गंगा उत्सव के कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

कार्तिक कृष्ण अमावस्या

कार्तिक कृष्ण अमावस्या पर तीर्थ नगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में अपने आराध्य के दर्शन कर दान किया। हर की पैड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उत्तरी हरिद्वार के सप्तऋषि, भूपतवाला, खड़खड़ी और मध्य हरिद्वार के ललतारौ पुल, पोस्ट ऑफिस और अपर रोड पर अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस और प्रशासन ने सभी प्रबंध किए थे।

झारखंड के राज्यपाल

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने नैनीताल जिले में स्थित कैंची धाम में विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु बाबा नीब करौरी के दर्शन किये। कैंची धाम परिसर में पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों ने श्री गंगवार का स्वागत किया और उन्हें बाबा नीब करौरी से संबंधित पुस्तक भेंट की।

डीएम का दौरा

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने देहरादून के केदारपुरम स्थित नारी निकेतन, बाल सुधार गृह, शिशु सदन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रसोईघर, आवास, स्वास्थ्य केंद्र और परिसर सहित शौचालय की सफाई व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने परिसर में रंगरोगन कराने के साथ ही नारी निकेतन में दो अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए आरईएस के अधिकारियों को कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो बच्चा पढ़ना चाहता है, उसकी किसी भी हालत में पढ़ाई नहीं रुकेगी। श्री बंसल ने कहा कि नारी निकेतन में रह रहे मूकबधिरों के लिए जांच के लिए चिकित्सालय ले जाने को अलग से वाहन की व्यवस्था की जाएं। इसके लिए बजट की स्वीकृति मौके पर दी गई।